ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 03-05-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-05-03 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-05-04	2024-05-05	2024-05-06	2024-05-07	2024-05-08
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	39.0	40.0	41.0	42.0	44.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	26.0	26.0	28.0	29.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	33	39	36	27	19
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	16	12	10	7	7
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	23	15	13	14	21
पवन दिशा (डिग्री)	260	258	246	258	261
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 39.0 से 44.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25.0 से 29.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाएं।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि होने के साथ लू चलने की सम्भावना हैं।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	कपास की बुवाई का समय चल रहा है। जड़गलन की समस्या वाले खेतों में बुवाई से पूर्व 6 किलोग्राम जिंक सल्फेट (व्यापारिक ग्रेड) प्रति बीघा की दर से मिट्टी में मिलायें। बिजाई के लिए उन्नत किस्में देशी कपास की आर.जी.-8, आर.जी.-18, राज.डी.एच.-9, आर.जी.-542, एच.डी.-123। अमेरिकन कपास की बीकानेरी

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	नरमा, गंगानगर अगेती, आर.एस.टी-9, आर.एस.-2013, आर.एस.-810, आर.एस.-875, मरू विकास आदि उन्नत किस्म है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है। यह रोग कीट के कारण फैलता है। नियंत्रण के लिए डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
बैंगन	बैंगन की फसल में फल छेदक कीट की लटे फल में छेद कर अन्दर से गुददे को खाती है इसके नियंत्रण हेतु प्रभावित फलों को तोडकर मिट्टी में दबाएं तथा क्यूनालफास 1 मि.ली. का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करे।
बेर	मई का महीना बेर के पौधों की कटाई छंटाई के लिए उचित है। कटाई छटाई करने से पौधे के कक्ष से जो नये प्ररोह निकलते हैं उन्ही पर फूल एवं फल लगते है जिससे फल उत्पादन में वृद्धि होती है। छटाई करते समय सूखी एंव आपस में रगड़ खाती टहिनयों को हटा दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस महीने में उच्च तापमान के परिणाम स्वरुप जानवरों में निर्जलीकरण, शरीर में लवण और भूख की कमी व उत्पादन में कमी आदि की समस्या रहती हे। इसलिए उच्च तापमान से जानवरों की रक्षा करना अनिवार्य है। पशुओं को नियमित रूप से नमक दे। आहार में खनिजलवण की मात्रा पर्याप्त हो ताकि हार्मोन्स का संतुलन पशुओं के शरीर में बना रहे।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	किसान भाई सब्जियों व बागानों में सिंचाई अवश्य दे। सब्जियों व बागानों में वाष्पीकरण द्वारा जल की हानि को कम करने के लिये घास फूस व पालिथीन आदि की पलवार का प्रयोग करें।
सामान्य सलाह	सब्जियों में सुबह या शाम के समय सिंचाई करें। तैयार सब्जियों की तुडाई सुबह या शाम को करें तथा इसके बाद इन्हे छायादार स्थान पर रखें।